# डोनाल्ड ट्रम्प ने दिया अमेजन को झटका, डूब गया 3 लाख करोड़

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** अमेजन को 45 अरब डॉलर का नुकसान हुआ है। एक मीडिया रिपोर्ट में बताया गया है कि अमेजन को यह नुकसान अमेरिकी प्रेसिडेंट डोनाल्ड ट्रम्प की निजी बातचीत सार्वजनिक होने से हुआ है। दरअसल, ट्रम्प ने कहा कि अमेजन अपने कारोबार से छोटे बिजनेस को नुकसान पहुंचा रही है, जिससे उसके खिलाफ टैक्स ट्रीटमेंट जरूरी हो गया है। यह बातचीत लीक हो गयी। इसके कारण ई-कॉमर्स कंपनी अमेजन को तगड़ा झटका लगा। लिहाजा कुछ ही मिनटों में कंपनी की मार्केट वैल्यू लगभग 45 अरब डॉलर (2.90 लाख करोड़) घट गई।




रिपोर्ट के मुताबिक, ट्रम्प इन दिनों अपने कई दोस्तों के साथ अमेजन के टैक्स ट्रीटमेंट की चचाज् कर रहे हैं। ट्रम्प ने कहा, अमेजन छोटे कारोबारियों को नुकसान पहुंचा रही है। उसकी वजह से शॉपिंग मॉल्स और रिटेलर्स को भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है। इस खबर के बाद अमेजन का शेयर अमेरिकी मार्केट खुलने के साथ ही लगभग 6 फीसदी गिरकर 1391 डॉलर पर आ गया, जिससे उसकी मार्केट कैपिटल में लगभग 45 अरब डॉलर की गिरावट दर्ज की गई। हालांकि बाद में स्टॉक्स में कुछ रिकवरी दजज् की गई। वहीं स्टॉक में गिरावट का असर अमेजन के फाउंडर जेफ बेजोस की पसज्ञ्ल वेल्थ पर भी पड़ा। फोब्सज् के रियल टाइम बिलेनायर इंडेक्स के मुताबिक, उनकी पसज्ञ्ल वेल्थ 3.5 अरब डॉलर (23 हजार करोड़ रुपए) की गिरावट दर्ज की गई।

ट्रम्प दुनिया के सबसे अमीर शख्स जेफ बेजोस की कंपनी को पहले भी झटका दे चुके हैं। उन्होंने कुछ महीने पहले कहा था, ई-कॉमर्स कंपनी रिटेल इंडस्ट्री को नुकसान पहुंचा रही है और अमेरिका में जॉब लॉस की वजह बन रही है। ट्रम्प, जेफ बेजोस के स्वामित्व वाली मीडिया कंपनी अमेजन वाशिंगटन पोस्ट पर हमले करते रहे हैं। ट्रम्प के ट्रेजरी सेक्रेटरी स्टीवन म्यूशिन ने बीते साल जुलाई में संकेत दिए थे कि सरकार अमेजन की टैक्स कलेक्शन पॉलिसी जल्द ही कोई फैसला ले सकती है।

# एयरटेल का नया प्लान, 65 रुपए में 28 दिनों तक चलाएं इंटरनेट

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** एयरटेल ने प्रीपेड यूजर्स के लिए नए 65 रुपए वाले प्लान को पेश किया है। इस प्लान की खास बात यह है कि यूजर्स को 28 दिनों तक 1 जीबी 3जी और 2जी इंटरनेट मिलेगा। फिलहाल यह प्लान कुछ खास यूजर्स के लिए ही पेश किया गया है। अगर आप चाहें तो एयरटेल ऐप के जरिए इस प्लान के बारे में पता कर सकते हैं।

गौरतलब है कि एयरटेल ने इस प्लान को जियो की टक्कर में पेश किया है। हालांकि जियो 49 रुपए मे 1 जीबी 4जी डाटा प्रदान करता है और साथ में फ्री कॉलिंग भी मिलती है। इसके अलावा एयरटेल ने कुछ दिनों पहले 98 रुपए वाले प्लान को पेश किया था जिसमें 1 जीबी 4जी डाटा मिलता था।

# केन विलियमसन हैदराबाद सनराइजर्स के नया कप्तान!

**नई दिल्ली।** बॉल टेंपरिंग विवाद के बाद ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर डेविड वॉर्नर को अपनी आईपीएल टीम सनराइजर्स हैदराबाद की कप्तानी से हाथ धोना पड़ा है। जिसके बाद केन विलियमसन को हैदराबाद का नया कप्तान बनाया गया है। हैदराबाद की कप्तानी के लिए शिखर धवन प्रबल दावेदार माने जा रहे हैं थे, लेकिन अंत में न्यूजीलैंड के कप्तान विलियमसन को यह जिम्मेदारी मिली।



अगर शिखर धवन हैदराबाद के कप्तान बनते तो आईपीएल के पिछले 10 वर्षों के इतिहास में ऐसा पहली बार होता जब इस सीजन में सभी आईपीएल टीमों की कमान भारतीय खिलाड़ियों के हाथ में होती।

### क्यों धवन बन सकते थे कप्तान ?

डेविड वॉर्नर के बाद अगर हैदराबाद की कप्तानी संभालने में पहला नाम अगर किसी का था वो हैं शिखर धवन. धवन 6 सीजन हैदराबाद के लिए खेल चुके हैं और उनके पास 127 आईपीएल मैचों का अनुभव था. ऐसे में धवन हैदराबाद की कप्तानी संभालने में सही साबित होते. वह 2013 और 2014 में भी कुछ मैचों के लिए टीम की कप्तानी कर चुके हैं. इंडियन प्रीमियर लीग (IPL) के ग्यारहवें सीजन का पहला मुकाबला 7 अप्रैल को है. मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में इसी दिन टूर्नामेंट की ओपनिंग सेरेमनी होगी. इसके बाद मौजूदा चैंपियन मुंबई इंडियंस और दो बार के चैंपियन चेन्नई सुपरकिंग्स के बीच खेला जाएगा.

# सेबी का बड़ा फैसला, मुकेश अंबानी को भी करना होगा अपनी कंपनी में संशोधन

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** मार्केट रेग्युलेटर सेबी अब बड़ी कॉरपोरेट कंपनियों पर लगाम लगाना प्रारंभ कर दिया है। सेबी के फैसले का असर जल्द ही बड़े कॉरपोरेट घरानों में देखने को मिलेगा। लिहाजा बड़े कॉरपोरेट घरानों को अपनी कंपनियों में कई संशोधन करने पड़ सकते हैं। मीडिया रिपोर्ट में बताया गया है कि इसका असर बीएसई के बेंचमार्क इंडेक्स सेंसेक्स की 30 में से 10 कंपनियों पर पड़ेगा।



इस फैसले की वजह से देश की सबसे बड़ी कंपनी रिलायंस इंस्ट्रीज के मुकेश अंबानी और भारती एयरटेल के सुनील मित्तल, विप्रो के अजीम प्रेमजी सहित 10 लोगों को अपना सीएमडी पद छोड़ना होगा। नए नियम के तहत अप्रैल 2020 से ये लोग केवल एक पद अपने पास रख सकेंगे। इसका मतलब यह है कि ये लोग चेयरमैन और एमडी में से एक पद को ही अपने पास रख सकेंगे।

दरअसल, मार्केट रेग्युलेटर सेबी ने कोटक समिति की उस सिफारिश को मंजूरी दे दी है, जिसमें एमडी या सीईओ के अलावा चेयरमैन के पद अलग-अलग करने की बात कही गई थी। इसका मतलब है कि इन कंपनियों में कोई एक व्यक्ति सीएमडी नहीं होगा। यह फैसला मार्केट कैप के लिहाज से टॉप 500 कंपनियों पर लागू होगा। इसके अलावा कंपनी के बोर्ड में इंडिविजुअल डायरेक्टर्स की हिस्सेदारी घटाकर 8 फीसदी कर दी गई है, जो फिलहाल 10 फीसदी है।

इस फैसले के लागू होने के बाद सेंसेक्स की 10 कंपनियों के सीएमडी को अपना कोई एक पद छोड़ना होगा।

# गोल्ड कोस्ट में यह कीर्तिमान रच सकता है भारत

**नई दिल्ली।** भारत ऑस्ट्रेलिया के गोल्ड कोस्ट में अगले महीने शुरू होने वाले 21वें राष्ट्रमंडल खेलों में कुल 500 पदकों का आंकड़ा छूकर नया कीर्तिमान रच सकता है। चार अप्रैल से शुरू होने वाले इन खेलों में यदि भारत पांच सौ पदकों को आंकड़ा हासिल कर लेता है तो वह ऐसा करने वाला ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड, कनाडा और न्यूजीलैंड के बाद पांचवां देश बन जाएगा। भारत ने राष्ट्रमंडल खेलों में अब तक 16 बार हिस्सा लिया है और अभी तक 155 स्वर्ण, 155 रजत तथा 128 कांस्य पदक सहित 438 पदक जीते हैं।

भारत को 500 का आंकड़ा छूने के लिए 62 पदकों की जरूरत है। भारत ने इन खेलों के इतिहास में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन अपनी मेजबानी में दिल्ली में 2010 में हुए 19वें राष्ट्रमंडल खेलों में किया था, जिसमें भारतीय खिलाड़ियों ने 38 स्वर्ण, 27 रजत और 36 कांस्य पदक सहित पहली बार पदकों का शतक बनाते हुए रिकॉर्ड 101 पदक अपने नाम किए थे।




राष्ट्रमंडल खेलों में अब तक चार देश ही 500 का आंकड़ा पूरा कर पाए हैं। मेजबान ऑस्ट्रेलिया ने 852 स्वर्ण सहित 2218 पदक, इंग्लैंड ने 669 स्वर्ण सहित 2008 पदक, कनाडा ने 469 स्वर्ण सहित 1473 पदक और न्यूजीलैंड ने 144 स्वर्ण सहित 609 पदक जीते हैं।

न्यूजीलैंड कम स्वर्ण जीतने के कारण ओवरऑल पदक तालिका में भारत से पिछड़ कर पांचवें स्थान पर है जबकि भारत चौथे स्थान पर है।

# करेंसी नोट और सिक्कों को लेकर एफएसएसएआई का अलर्ट

## लेन-देन से पहले जरूर ध्यान दें

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** खाद्य नियामक एफएसएसएआई (एफएसएसआई) ने करेंसी नोट और सिक्कों से बीमारी फैलने की बात मानते हुए स्ट्रीट वैंडर्स के लिए एक एडवाइजरी जारी की है। उसने कहा है कि खाने के सामान लेते या देते समय नोट सिक्के का लेन देन न करें और करना ही है तो हाथों में दस्ताने जरूर पहने. दरअसल, कुछ समय पहले ही खबर आई थी कि करेंसी नोट और सिक्कों पर बैक्टीरिया और वायरस पाए गए हैं. जिसके चलते इंफेक्शन फैल रहा है. इसी को देखते हुए एफएसएसआई ने स्ट्रीट वेंडर्स को एडवाइजरी भेजी है. .



**मिले थे खतरनाक वायरस**

कुछ समय पहले नोट पर 70 फीसदी यूकेरियोटा यानी फफूंद और प्रोटोजोआ मिला था. इन नोटों पर 9 फीसदी बैक्टीरिया मिला था. एक फीसदी से कम वह वायरस मिला, जो जीव कोशिकाओं को नष्ट करता है. रिपोर्ट में पाया गया कि नोटों की पतली सतह पर यह वायरस आसानी से सेटल हो जाते हैं. पतली कागज पर चिपककर वह लंबे समय तक इस पर बने रह सकते हैं.

जो इन्हें इस्तेमाल करने वालों के लिए खतरनाक है. डॉक्टरी भाषा में कहें तो इससे लोगों को जान तक का खतरा हो सकता है.

एफएसएसआई ने चलाया अभियान

खाद्य नियामक एफएसएसएआई कुछ समय से सड़क किनारे ठेले पर खाद्य पदार्थ बेचने वालों को स्वच्छता के तौर तरीके और सुरक्षा मानकों में सुधार के मकसद से उन्हें प्रशिक्षित कर रहा है. भारतीय खाद्य पदार्थों को प्रोत्साहित करने के लिए भारतीय राष्ट्रीय स्ट्रीट वेंडर संघ (एनएएसपीआई) एफएसएसएआई की साझेदारी में यह अभियान चलाया जा रहा है. पिछले साल इसे लेकर एफएसएसएआई ने एक फूड फेस्ट का भी आयोजन किया था.

स्ट्रीट फूड के लिए हर शहर में सेफ जोन स्ट्रीट फूड को सेफ बनाने के लिए विदेश की तर्ज पर हर शहर में स्ट्रीट फूड सेफ जोन बनाने की भी तैयारी है. इस जोन में मिलने वाली खाने-पीने की चीजों को फूड रेगुलेटर फूड सेफ्टी स्टैंडर्ड अथॉरिटी ऑफ इंडिया (एफएसएसएआई) द्वारा सेफ घोषित किया जाएगा. धीरे-धीरे सभी स्ट्रीट वेंडर्स को इसके दायरे में लाया जाएगा.

# स्टीव स्मिथ को एयरपोर्ट पर देखते ही मौजूद लोगों ने 'धोखेबाज-धोखेबाज' के लगाए नारे



**मेलबर्न।** गेंद से छेड़छाड़ के मामले में दोषी पाए स्टीव स्मिथ के लिए मुश्किलें कम नहीं हो रही हैं। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने पहले से ही दोषी खिलाड़ियों पर कड़ा रुख अख्तियार कर रखा है और अब इस पूर्व ऑस्ट्रेलियाई कप्तान के प्रशंसक भी उनसे नाराज हो गए हैं। दक्षिण अफ्रीका से वापस ऑस्ट्रेलिया लौटते समय स्टीव स्मिथ को जोहानसबर्ग एयरपोर्ट पर भारी शर्मिंदगी झेलनी पड़ी। एयरपोर्ट पर स्टीव स्मिथ ने पत्रकारों के किसी सवाल का जवाब नहीं दिया। लेकिन इस दौरान एयरपोर्ट पर मौजूद लोगों ने 'धोखेबाज-धोखेबाज' के नारे लगाए। एयरपोर्ट पर लोगों की भीड़ धोखाबाज कह कर हूटिंग कर रही थी और स्टीव स्मिथ किसी तरह वहां से जल्दी से जल्दी निकलने की कोशिश में थे। स्मिथ को पत्रकारों और लोगों से बचाने के लिए एयरपोर्ट पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई थी। स्टीव स्मिथ, डेविड वॉर्नर और कैमरन बैनक्रॉफ्ट को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ केपटाउन में खेले गए तीसरे टेस्ट के दौरान बॉल टैम्परिंग का दोषी पाया गया था। स्टीव ने खुद गेंद से छेड़छाड़ करने की बात भी स्वीकार की थी।

# टाटा स्काई का धमाका, महज 75 रुपये में ग्राहक देख सकेंगे अपनी पसंदीदा फिल्में

**मुंबई (आरएनएस)।** डीटीएच और ओटीटी में भारत की अग्रणी टाटा स्काई ने महज 75 रुपये प्रति माह के शुल्क पर बेहतर कंटेंट प्रदान करने की पेशकश की है। इसके लिए उपभोक्ताओं को कोई अतिरिक्त इंटरनेट कनेक्शन की आवश्यकता भी नहीं होगी। कंपनी का कहना है कि टाटा स्काई वर्ल्ड स्क्रीन सभी ग्राहकों के लिए किफायती दर पर उपलब्ध है। यह कंटेंट न केवल लार्ज स्क्रीन पर उपलब्ध होगा बल्कि उपभोक्ताओं के मोबाइल या लैपटॉप जैसे गैजेट्स पर भी देखने को मिलेगा। स्काई के चीफ कंटेंट ऑफिसर अरुण उन्नी ने कहा, टाटा स्काई वर्ल्ड स्क्रीन की लॉन्चिंग के साथ हम सिनेमा और टेलीविजन के शौकीनों के लिए न सिर्फ हॉलीवुड बल्कि दुनिया भर से गेट्र स्टोरीज के विज्ञापन-मुक्त 650 घंटों की पेशकश कर रहे हैं।

हमारी सूची में दुनिया में सबसे लोकप्रिय और समीक्षकों द्वारा प्रशंसित फिल्में और टीवी शो शामिल हैं, इनमें से कई को भारत में पहले कभी टीवी पर नहीं देखा गया है।

# आरबीआई ने आईसीआईसीआई बैंक पर लगाया 59 करोड़ का जुर्माना

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) ने प्राइवेट सेक्टर के आईसीआईसीआई बैंक पर 58.9 करोड़ रुपए का जुर्माना लगाया है. बैंक पर लगाया गया जुर्माना एक तरह की मॉनिटरी पेनाल्टी है. आरबीआई ने इस संबंध में 26 मार्च 2018 को आदेश जारी किया है. आईसीआईसीआई बैंक पर यह जुर्माना एचटीएम पोर्टफोलियो से सिक्योरिटीज की डायरेक्ट सेल और डिस्क्लोजर में आरबीआई द्वारा जारी निर्देशों को पालन नहीं करने को लेकर लगाया गया है. सूत्रों ने ट्वीट के जरिए आरबीआई के इस कदम की जानकारी दी है.

### निर्देशों का पालन नहीं करने पर जुर्माना

आरबीआई ने बैंक पर यह जुर्माना बैंकिंग रेगुलेशन एक्ट, 1949 के प्रावधानों के तहत मिले अधिकारों के आधार पर लगाया है. बयान में आरबीआई का कहना है कि आईसीआईसीआई बैंक ने आरबीआई के दिशा-निर्देशों का पालन नहीं किया है. इसलिए कार्रवाई के तौर पर जुर्माना लगाया जा रहा है. इस कार्रवाई का मकसद बैंक और उसके ग्राहकों के बीच किसी भी तरह के ट्रांजैक्शन या एग्रीमेंट की वैलिडिटी पर सवाल उठाना नहीं है.

# अमेरिकी ओपन कराटे चैम्पियनशिप में हिस्सा लेंगे 7 भारतीय

**नई दिल्ली।** अमेरिकी ओपन कराटे चैम्पियनशिप में भारत की ओर से सात कराटे खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। इस चैम्पियनशिप का आयोजन लास वेगास में 30 और 31 मार्च को हो रहा है और इसमें हिस्सा लेने वाले सभी भारतीय गुरुग्राम से हैं। टीम का नेतृत्व सेनसेई यशपाल सिंह काल्सी करेंगे। वह भारत के जाने-माने मार्शल आर्ट खिलाड़ी हैं। उन्होंने 2016 में अमेरिकी ओपन चैम्पियनशिप में स्वर्ण पदक जीता था। इसके अलावा, उन्होंने पिछले साल इस चैम्पियनशिप में दो कांस्य पदक भी जीते थे। इस साल अमेरिकी ओपन कराटे चैम्पियनशिप में भारत का प्रतिनिधित्व करने वाले भारतीय दल में अनामिका सिंह काल्सी, इशिता अग्रवाल, आयुषी, अमित दांडा, अनिकेत गुप्ता और करन शामिल हैं।



काल्सी ने अपने एक बयान में कहा, ÷हम आश्वस्त हैं कि यह टीम भारत को विश्व स्तर पर गौरवान्वित करेगी। हमारे खिलाड़ी पूरी तरह से तैयार हैं। टीम के सभी सदस्य देश के लिए पदक जीतने के लिए दृढ़ हैं।

भारतीय कराटे संघ (केएआई) ने अमेरिकी ओपन कराटे चैम्पियनशिप में भारत के प्रतिनिधित्व के लिए इस टीम का चयन किया है।

यह टीम लास वेगास और सान फांसिस्को में बेहतरीन प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन में प्रशिक्षण लेगी।

# नीरव मोदी, मेहुल चोकसी के 6,500 करोड़ चुकायेगा पीएनबी

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) के निदेशक मंडल ने उसके द्वारा हाल में उजागर किये गये फर्जीवाड़े के मामले में 31 मार्च तक की देनदारियों को निपटाने के लिए सात बैंकों को 6,500 करोड़ रुपये के भुगतान की मंजूरी दे दी है। साथ ही इस मामले में भविष्य की देनदारियों के लिए भी बैंक ने भुगतान करने का फैसला किया है। आभूषण डिजाइनर नीरव मोदी और उसके मामा हीरा कारोबारी मेहुल चोकसी ने फर्जीवाड़ा कर पीएनबी से अपनी कंपनियों के नाम पर कई लेटर ऑफ अंडरस्टैंडिंग हासिल किये और उसकी बिना पर विदेशों में भारतीय कंपनियों से तकरीबन 13 हजार करोड़ रुपये के कर्ज लिये थे।

बैंक ने बताया कि उसके निदेशक मंडल ने सभी अंतर-बैंक लेटर ऑफ क्रेडिट और फौरन लेटर ऑफ क्रेडिट का सम्मान करने का फैसला किया है। उसने बताया कि निदेशक मंडल ने 28 मार्च को हुई बैठक में 31 मार्च या उससे पहले परिपक्व हो रहे लेटर ऑफ क्रेडिट और फौरन लेटर ऑफ क्रेडिट की सभी देनदारियों का भुगतान करने की मंजूरी दी है। बैंक की प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया है, इस फैसले से हाल में बैंक द्वारा उजागर किये गये फर्जीवाड़े के मामले में लेटर ऑफ अंडरस्टैंडिंग की देनदारियों का निपटान करते हुये सात बैंकों को 6,500 करोड़ रुपये का भुगतान करने में मदद मिलेगी। उसने बताया है कि भविष्य में परिपक्व होने वाले लेटर ऑफ अंडरस्टैंडिंग का भी सम्मान किया जायेगा। बैंक के गैर-कार्यकारी अध्यक्ष सुनील मेहता ने कहा कि निदेशक मंडल के इस फैसले से मजबूत संदेश गया है कि बैंक अपनी जिम्मेदारियों के प्रति गंभीर है।